जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति **दिनांक 23.06.2024**

थाना थानाभवन पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द खराब करने के उद्देश्य से कुर्बानी के पशु(परमिटेड) के फोटो वारयल करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार -

ज्ञात हो कि दिनांक 22.06.2024 को थाना थानाभवन क्षेत्रान्तर्गत एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द खराब करने के उद्देश्य से कुर्बानी के पशु(परमिटेड) के फोटो वारयल करने के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पुलिस द्वारा युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त घटना में लिप्त अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक शामली ने थाना थानाभवन पुलिस को निर्देशित किया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 22.06.2024 को थाना थानाभवन पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही की गई। जिसमें सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सौहार्द खराब करने के उद्देश्य से कुर्बानी के पशु(परमिटेड) के फोटो वारयल करने वाले 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना थानाभवन पर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-

1.जावेद पुत्र कालू निवासी मौहल्ला कोटला कस्बा जलालाबाद थाना थानाभवन जनपद शामली।

<u>थाना कैराना पुलिस द्वारा मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 300 ग्राम चरस बरामदः-</u>

आज दिनांक 23.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाए गये मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी/बरामदगी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना कैराना पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर को अवैध 300 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

<u>नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-</u>

1.समरयाब उर्फ समरा पुत्र युसूफ निवासी ग्राम गोगवान थाना कैराना जनपद शामली।

<u>बरामदगी का विवरणः-</u>

अवैध 300 ग्राम चरस।

थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की हुई बकरी बरामदः-

दिनांक 22.06.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे संदिग्ध वाहन/व्यक्ति की चैकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के कुशल नेतृत्व में थाना झिंझाना पुलिस द्वारा 01 चोर को चोरी की हुई बकरी सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

दिनांक 22.06.2024 को वादी इस्माईल पुत्र हबीब निवासी ग्राम बिन्ना माजरा थाना झिंझाना जनपद शामली के घर से बकरी चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना झिंझाना पर तहरीर दी गयी थी। पीडित के तहरीर के आधार पर थाना झिंझाना पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया था।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1.वंश पुत्र जितेन्द्र निवासी ग्राम मस्तगढ़ थाना झिंझाना जनपद शामली।

बरामदगी का विवरणः-

1.चोरी की हुई बकरी।

SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI